पेंड्रा रोड स्टेशन

पेंड्रा रोड रेल्वे स्टेशन पर आपका स्वागत है | पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन बिलासपुर जिले, छत्तीसगढ़ में एक मुख्य रेलवे स्टेशन है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कटनी रेल मार्ग पर पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का स्थान है | पेंड्रा रोड रेल्वे स्टेशन ने हमेशा स्वच्छता के पहले मानक से उच्च मानकों से निर्धारित किया है | पेंड्रा रोड रेल्वे स्टेशन की सफाई यांत्रिक मशीन से की जाती है | उच्च गति की बैटरी संचालित स्क्रबर चालक मशीनों की मदद से प्लेट फार्म को साफ किया जाता है | स्टेशन की साफ सफाई के लिए इको फ़्रेंडली बायो डिग्रेडेबल केमिकल्स के साथ – साथ पटरियों के रैग पिकिंग का कार्य किया जाता है | परिपथन क्षेत्र को साफ करने के लिए वाक बिहाइंड स्वीपर मशीनों का उपयौग किया जाता है | कचरे को दो अलग- अलग डस्टिबन यानी गीले कचरे और सूखे कचरे में इकट्ठा किया जाता है| एकत्रित कचरे को फिर नगर निगम के डम्पिंग ग्राउंड मे भेज दिया जाता है|